RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 25 दिसंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 242 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# फिर डराने लगा कोरोना का खतरा !

## महाराष्ट्र में कोविड-19 के 50 नए मामले, नौ मरीजों में मिला JN.1

**मुंबई : कोरोना महामारी एक बार फिर तेजी से पैर पसार रही है। हर दिन नए मामले सामने आ रहे हैं। सबसे ज्यादा कोविड-19 के सब वैरिएंट जेएन.1 ने स्वास्थ्य महकमे की चिंता बढ़ा दी है। केरल के बाद महाराष्ट्र में इस वैरिएंट के नौ नए मामले सामने सामने आए हैं, जिससे राज्य में इससे जुड़े संक्रमणों की संख्या बढ़कर 10 हो गई।**



### 50 नए मामले आए

वहीं, राज्य में रविवार को कोविड-19 के 50 नए मामले सामने आने के बाद से संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 81,72,135 हो गए, जबकि करीब तीन साल पहले नॉवल कोरोनावायरस के प्रसार की शुरूआत हुई थी।

जेएन.1 मरीजों में ठाणे के पांच, पुणे के दो, अकोला शहर और सिंधुदुर्ग जिले के एक-एक मरीज शामिल हैं। बताया जा रहा है कि पुणे में मिला एक संक्रमित हाल ही में अमेरिका गया था। इसमें कहा गया है कि जेएन.1 के सभी मरीज ठीक हो गए हैं। अधिकारियों ने पहले कहा था कि भले ही मामलों की संख्या बढ़ रही है और देश में जेएन.1 उप-संस्करण का पता चला है, लेकिन चिंता का कोई कारण नहीं है क्योंकि संक्रमित लोगों में से 92 प्रतिशत घर पर इलाज का विकल्प चुन रहे हैं, जो हल्की बीमारी का संकेत है। महाराष्ट्र में अब तक कोविड-19 के लिए 8,75,65,093 नमूनों की जांच की गई है, जिनमें से 81,72,135 पॉजिटिव पाए गए हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि अब तक 80,23,418 मरीजों को छुट्टी दी जा चुकी है।

### महाराष्ट्र के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे कोरोना पॉजिटिव, तीसरी बार हुए कोविड के शिकार, पुणे के अपने घर में क्वॉरंटाइन

मुंबई : महाराष्ट्र के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं, जिसके बाद पुणे स्थित अपने घर में वे क्वारंटाइन हैं. यह तीसरी बार है जब धनंजय मुंडे कोविड-19 की चपेट में आए हैं. नागपुर में विधानसभा अधिवेशन के दौरान हुई कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट में उनका नतीजा पॉजिटिव आया.

### 656 नए मामले सामने आए

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार को अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में एक दिन में कोविड-19 संक्रमण के 656 नए मामले सामने आए हैं जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,742 हो गई है।

# गोलीबारी से दहल उठी मुंबई !

## मुंबई में दिनदहाड़े 16 राउंड फायरिंग, एक की मौत !

### बाइक सवार हमलावरों की तलाश में जुटी पुलिस की नौ टीमें





**मुंबई** : मुंबई में दिनदहाड़े फायरिंग की सनसनीखेज घटना सामने आई है। चूनाभट्टी पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर आजाद गली और वी एन पुरवा मार्ग पर फायरिंग हुई है। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना में तीन अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज सायन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक जिन लोगों को गोली मारी गई उनमें से एक का नाम पप्पू येरुनकर है।


### क्या है गोलीबारी की वजह?

**पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक यह फायरिंग आपसी दुश्मनी के चलते की गई है। पुलिस हमलावरों की पहचान करने में सफल रही है और उनकी तलाश के लिए नौ टीमें गठित की गई हैं। अब जब पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए नौ टीमें बनाई हैं तो जल्द ही पता चल जाएगा कि वह उन्हें गिरफ्तार करने में कब कामयाब होती है। पिछले कुछ महीने में मुंबई सरेआम फायरिंग का यह काफी बड़ा मामला है। पुलिस के आला अफसर भी घटना स्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ले रहे हैं।**

### एक की मौत, तीन अन्य घायल


**पुलिस की जानकारी में समाने आया है कि पप्पू येरुंकर कुछ दिन पहले ही जेल से छूटा था और कुछ अपराधों में शामिल था। पुलिस ने अनुमान लगाया है कि पुराने विवाद के कारण आज की गोलीबारी हुई होगी। दोपहर साढ़े तीन बजे मुंबई के चूनाभट्टी पुलिस स्टेशन की सीमा में आजाद गली में दोपहिया वाहन पर सवार दो लोगों ने 16 राउंड फायरिंग की। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दोपहर की गोलीबारी में सुमित येरुंकर नाम के युवक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।**

## गांजा बेचने आए दो लोगो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवी मुंबई :** मानखुर्द से वाशी में गांजा बेचने के लिए आए 2 लोगों को वाशी पुलिस ने गिरफ्तार किया है, पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 2 किलो 107 ग्राम गांजा बरामद किया है जिसकी कीमत 40 हजार के आसपास बताई गयी है। वाशी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शशिकांत चांदेकर ने बताया उन्हें इस बात की जानकारी मिली थी कि मानखुर्द से दो लोग एक रिक्शा में गांजा बेचने के इरादे से वाशी आने वाले है , जानकारी के आधार पर पुलिस ने उस रिक्शे को वाशी टोल प्लाजा से साढ़े 4 बजे के आसपास आते हुए जैसे ही दिखाई दिया वहां पर तैनात पुलिस की टीम ने उसे रोक लिया, रोकने के बाद जब दोनों की तलाशी ली गयी तो उनके पास से एक थैली में गांजा बरामद हुआ।

## माहिम पुलिस स्टेशन के 100 साल पूरे



**मुंबई** : मुंबई के सबसे पुराने पुलिस स्टेशनों में से एक, माहिम पुलिस स्टेशन ने 22 दिसंबर को 100 साल पूरे कर लिए। माहिम पुलिस स्टेशन अपने पुलिस कर्तव्यों के अलावा अपनी सामाजिक परंपराओं के लिए भी प्रसिद्ध है। इसके अलावा यह पुलिस स्टेशन अपनी वास्तुकला के लिए भी खास पहचान रखता है। थाने के खंभों पर 10वीं से 12वीं सदी की मूर्तियां लगाई गई हैं. इससे वास्तुकला को विशेष सौंदर्य मिलता है। इसके अलावा, माहिम में निधन हुए इस्लामिक संत की पवित्र सामग्री भी इमारत में संरक्षित है।

माहिम कॉजवे से माहिम दरग्या के पास पहुंचने पर, नीले रंग में रंगी एक खूबसूरत पुरानी इमारत दिखाई देती है। यह माहिम पुलिस स्टेशन हेरिटेज बिल्डिंग है जिसका निर्माण दिसंबर 1923 में किया गया था। माहिम पुलिस स्टेशन दो चीजों के लिए मशहूर है. माहिम पुलिस स्टेशन की वास्तुकला में स्तंभ कला को साकार किया गया है। थाने के खंभों में 10वीं से 12वीं सदी की मूर्तियां लगाई गई हैं।

ये मूर्तियां माहिम किले में मिली थीं और कहा जाता है कि इन्हें पुलिस स्टेशन के निर्माण के दौरान स्थापित किया गया था। इनमें से एक मूर्ति एक मूर्ति है - जो हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार पृथ्वी की आठ दिशाओं की रक्षा करने वाले आठ देवताओं में से एक है। एक अन्य मूर्ति में नौसैनिक युद्ध को दर्शाया गया है। इसके अलावा, माहिम में निधन हुए इस्लामिक संत की पवित्र सामग्री भी इमारत में संरक्षित है।

माहिम पुलिस स्टेशन अपने पुलिस कर्तव्यों के अलावा अपनी सामाजिक परंपराओं के लिए भी प्रसिद्ध है। शाह बाबा की दरगाह पर उरूसा की पहली चादर पेश करने का गौरव मुंबई पुलिस को मिला है.

## पनवेल में मामूली विवाद में एक चचेरे भाई ने की भाई की हत्या

**नवी मुंबई** : पनवेल में एक चचेरे भाई ने मामूली विवाद में भाई पर कोयते से हमला कर मार डाला। हत्या के बाद आरोपी ने खुद ही पुलिस स्टेशन में जाकर अपनी गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया था जहां से उसे 26 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दरअसल दोनों भाइयों को बीच संपत्ती को लेकर काफी लंबे




समय से विवाद चल रहा था। शुक्रवार शाम एक सड़क के किनारे दोनों आपस में टकरा गए और एक दूसरे से बहस करने लगे। बहस चल ही रही थी कि आरोपी ने रिक्शे से कोयता निकाल कर मृत व्यक्ति पर हमला कर दिया। उसके गले और शरीर के कई हिस्सों पर जबरदस्त वार किए जिससे उसके शरीर से काफी खून निकल गया और वह मौके पर ही मर गया। हालांकि आस-पास के लोग उसे अस्पताल लेकर गए थे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## सियासी रंगमंच का गोबर...

पहले गोबर, फिर दूध और आगे न जाने क्या-क्या उठाकर भाजपा विधानसभा परिसर को सियासी रंगमंच बनाती रहेगी। गारंटियों के राजनीतिक बाजार में यह हिसाब नया नहीं है, लेकिन इस बार विपक्ष का स्वांग मनभावन है और यह साबित करता है कि नेताओं में अभिनय का कौशल किसी भी हद तक जा सकता है। अभिनय की राजनीति अगर केंद्र में मिमिक्री करने पर उतारू है, तो हिमाचल में विपक्ष की इस अदायगी का कुछ तो संदेश होगा। भाजपा वर्तमान सरकार की तमाम गारंटियों के आश्वासन और भाषण की याद दिलाती हुई गोशाला से फिलहाल एक हाथ में दूध तो दूसरे में गोबर उठाकर ले आई है। अब सवाल उस आवारा गऊ का है, जिसे न तो गोशाला मिली और न ही राजनीति या गारंटी का सहारा। कांग्रेस तो देर सबेर गोबर खरीद लेगी या दूध के जरिए बेरोजगार को अधिक कीमत का भुगतान करके आत्मनिर्भर बना देगी, लेकिन लावारिस- आवारा गाय को न छत और न ही ठिकाना मिल रहा है। जरा उसी किसान की व्यथा पूछ लेना जिसके समर्थन में भाजपा गोबर उठा कर घूम रही है। किसानों ने खेती से अपना संबंध तोड़ दिया क्योंकि आवारा पशुओं ने उसकी फसल को कब्रिस्तान बनाना शुरू कर दिया है। आवारा पशुओं की लत में जंगली जानवर भी मुंह उठा कर उसी खेत की बबार्दी को अंतिम पैगाम देते हैं। हिमाचल में वन संरक्षण अधिनियम की खाट पर बैठा बंदर हर दिन खेत नहीं उखाड़ता, बल्कि किसान की छाती पर मूंग दलता है। यही वजह है कि कांगड़ा, हमीरपुर, मंडी, चंबा और कई अन्य क्षेत्रों के किसानों ने खेतों से किनारा कर लिया है। यह ठीक है कि विपक्ष को कांग्रेस से उसकी गारंटियों के बाबत पूछना चाहिए, लेकिन खेती बचाए बिना किसान का क्या वजूद। किसान के खेत में फसल होगी, तो गोबर से निकली खाद अमृत होगी, वरना कहां हिमाचल अपनी गायों का दूध पी रहा है।

हम नहीं जानते भाजपा के विरोध की गगरिया में किसी हिमाचली गाय का दूध था या बाहरी प्रदेश की थैलियों में आयातित दूध से विपक्षी दल अपने विरोध की गंगा पैदा कर रहा है। आज तक वादों के अनुरूप हमें हिमाचल में पलती गाय-भैंस का प्रचुर मात्रा में दूध उपलब्ध हो जाना चाहिए था, लेकिन प्रदेश की सुबह को हर दिन इंतजार रहता है कि बाहरी प्रदेशों के ब्रांडिड दूध की गाड़ी हमें तृप्त करेगी। हमारे पास पूरा एक विभाग और दर्जनों प्रोत्साहनों की श्रृंखलाएं मौजूद हैं, लेकिन थैलियां बताती हैं कि हिमाचल के दुधारू पशु सिर्फ गोबर फैलाने के लायक बचे हैं। क्या हिमाचल में कृषि बची है या गाय के दूध पर आधारित व्यवसाय बचा है। अगर भाजपा गोबर उठा रही है, तो संबंधित विभागों और विश्वविद्यालय का गोबर भी उठाए ताकि मालूम हो कि प्रदेश अपनी प्रगति में कितना गौण है। दूसरी ओर कांग्रेस सरकार भी अपनी गारंटियों के मकडजाल में पर्वतीय राज्य की आर्थिकी और आत्मनिर्भरता के सपने को गुमराह कर रही है। आखिर हमारे और अन्य मैदानी इलाकों में कुछ तो अंतर है। हमारी आर्थिकी पर उस वक्त भी बुरा असर पड़ा था, जब पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने डेढ़ सौ यूनिट तक बिजली मुफ्त कर दी थी और अब जबकि कांग्रेस की गारंटी तीन सौ यूनिट मुफ्त में गंवा कर शेखी बघारना चाहती है, तो इस क्रांतिकारी फैसले से खजाना कांप रहा है। दरअसल हर गारंटी का वास्ता आर्थिक सेहत से है और ये पूरी तसल्ली से आर्थिक बोझ को उधार की खेती तक ले जाएंगी। हम भाजपा को नित नई मुद्रा में कांग्रेस की गारंटियों की याद दिलाते देख सकते हैं, लेकिन कब यह दौर प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर गौर फरमाएगा। सत्ता और विपक्ष के बीच कितनी भी दूरियां-मजबूरियां गिनी जाएं, लेकिन प्रदेश की आर्थिक कमजोरियों का एहसास जिंदा रखना होगा।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई में कोरोना के 35 नए केस... एक्टिव मामलों की संख्या 100 के पार

**मुंबईः** महाराष्ट्र और मुंबई में भी कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं. महाराष्ट्र में शनिवार (23 दिसंबर) को 35 नए कोरोना के मामले दर्ज हुए हैं. कुल मिलाकर महाराष्ट्र में एक्टिव मरीजों की संख्या 103 है. इनमें सबसे अधिक मामले राजधानी मुंबई में हैं. मुंबई में एक्टिव मरीजों की संख्या 52 पहुंच चुकी है. वहीं ठाणे में 18 मामले और पुणे में 17 एक्टिव हैं.

कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य सरकार पूरी तरह से अलर्ट है. स्वास्थ महकमे को सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा गया है. बीएमसी ने भी ऑक्सीजन और बेड को लेकर अपने स्तर पर तैयारियां की हुई हैं. महाराष्ट्र में कोरोना के नए




वेरिएंट एन.1 का भी मरीज मिला था. लेकिन अब वह इलाज के बाद स्वस्थ हो चुका है.

भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 752 नए मामले दर्ज किए गए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,420 हो गई है. देश में 21 मई 2023 के बाद से एक दिन में सामने आए कोरोना वायरस संक्रमण के ये सबसे अधिक मामले हैं. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में अब तक सामने आए कोविड-19 के मामलों की कुल संख्या 4.50 करोड़ (4,50,07,964) है. देश में बीते 24 घंटे में संक्रमण से चार लोगों की मौत होने के कारण इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,33,332 हो गई है. मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में केरल में दो तथा राजस्थान और कर्नाटक में कोविड-19 से एक-एक मरीज की मौत हुई है. स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,44,71,212 हो गई है. स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है, वहीं मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है. मंत्रालय के अनुसार, देश में अभी तक कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत 220.67 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं.

## शरद पवार ने की गौतम अदाणी की तारीफ



**मुंबईः** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने उद्योगपति गौतम अडानी को धन्यवाद दिया। उन्होंने शनिवार को पुणे जिले के बारामती में एक नए प्रौद्योगिकी केंद्र के निर्माण के लिए वित्तीय मदद करने पर अडानी की प्रशंसा की । शरद पवार बारामती में विद्या प्रतिष्ठान के इंजीनियरिंग विभाग में रोबोटिक लैब के उद्घाटन के दौरान सभा को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में फिनोलेक्स जे पावर सिस्टम्स लिमिटेड के चेयरमैन दीपक छाबरिया भी मौजूद थे। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए शरद पवार ने कहा कि टेक्नोलॉजी के कारण इंजीनियरिंग क्षेत्र तेजी से बदल रहा है, विद्या प्रतिष्ठान संस्थान ने एक नया प्रोजेक्ट हाथ में लिया है।

पवार ने कहा कि एक ऐसा समूह (वर्ग) बनाना बहुत जरूरी है जो आगे बढ़ने के लिए इन बदलावों को स्वीकार करने के लिए तैयार हो। उन्होंने आगे कहा, 'हम भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का पहला केंद्र बना रहे हैं और निर्माण कार्य चल रहा है। इस प्रोजेक्ट पर पच्चीस करोड़ रुपये की लागत आने वाली है। पच्चीस करोड़ रुपये की व्यवस्था करने के बाद हम इस काम में कूद पड़े हैं'। एनसीपी अध्यक्ष ने आगे कहा 'सौभाग्य से, जब मैंने अपने दो सहयोगियों से इसमें मदद करने का अनुरोध किया तो उन्होंने तुरंत अपना समर्थन दिया। पहली सिफोटेक जो देश में निर्माण क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण कंपनी है। उन्होंने इस प्रोजेक्ट में 10 करोड़ रुपये की मदद करने का फैसला किया है, मैं उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।' इस मौके पर गौतम अडानी का नाम लेना होगा, उन्होंने 25 करोड़ रुपये का चेक संस्था को भेजा है, इन दोनों की मदद से हम आज इस जगह पर ये दोनों प्रोजेक्ट स्थापित कर रहे हैं और काम भी शुरू हो गया है। एनसीपी सुप्रीमो ने यह भी बताया कि 17 से 22 जनवरी तक हम कृषि विकास प्रतिष्ठान के सहयोग से बारामती में एक कृषि प्रदर्शनी लगा रहे हैं और इसमें लाखों किसान हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा, 'आज के हाई-टेक उत्पाद मशीनों, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक और कंप्यूटर शाखाओं का एक साथ उपयोग करके उद्योग-संचालित जनशक्ति का निर्माण करते हुए बाजार में आते हैं।

## जरांगे का 20 जनवरी से मुंबई में अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान

### सीएम ने संयम बरतने का किया आग्रह

**मुंबईः** मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शनिवार को एलान किया कि वह समुदाय के लिए आरक्षण की अपनी मांग को तेज करने के लिए 20 जनवरी से मुंबई के आजाद मैदान में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे। मराठवाड़ा क्षेत्र के बीड जिले में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि मराठा समुदाय के 'करोड़ों' लोग 20 जनवरी को मुंबई आएंगे। इस बीच, एक वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने मराठा आरक्षण मुद्दे से जुड़ी राज्य सरकार की सुधारात्मक याचिका स्वीकार कर ली है और इस पर 24 जनवरी को सुनवाई होगी।




शिंदे ने कहा कि इसने समुदाय के लिए 'उम्मीद की खिड़की' खोल दी है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने लोगों से संयम बरतने का आग्रह किया। शिंदे ने यह भी कहा कि मराठों को आरक्षण देते समय अन्य समूहों के आरक्षण के लाभ अछूते रहेंगे।

## बिगड़ने लगी है मुंबई की हवा! 9 स्टेशनों पर दर्ज की गई खराब एयर क्वॉलिटी...

**मुंबईः** शहर की हवा गुणवत्ता फिर से बिगड़ती जा रही है। शनिवार को महानगर के 9 क्षेत्रों में वायु प्रदूषण का स्तर खराब और बेहद खराब दर्ज.किया गया। एक्सपर्ट्स के अनुसार वायु प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार व प्रशासन द्वारा दिए गए निदेशों को कितना अमल में लाया जा रहा है, इसका रिव्यू करना जरूरी है।

नवंबर में जब मुंबई की एयर क्वॉलिटी खराब होने के बाद सरकार और बीएमसी सभी ऐक्शन मोड पर आ गए। प्रदूषण फैलाने वाले निर्माण कार्यों और कंपनियों



पर कार्रवाई बीएमसी और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कार्रवाई की। बीएमसी ने सड़क की धुलाई शुरू कर दी गई। इसी के साथ प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए, लेकिन क्या अब भी प्रशासन वही सक्रियता दिखा रही है, जो कुछ सप्ताह पहले तक दिखा रही थी? यह सवाल इसलिए लोगों के मन उठ रहे हैं, क्योंकि मुंबई के वायु प्रदूषण का स्तर फिर से बढ़ने लगा है।

शुक्रवार को मुंबई की औसतन वायु गुणवत्ता 186 एक्यूआई दर्ज की गई थी, लेकिन शनिवार को हवा वायु गुणवत्ता 197 एक्यूआई तक पहुंच गई, जो कि मध्यम श्रेणी में आती है। मुंबई के अधिकतर इलाकों जैसे कुर्ला में वायु की गुणवत्ता 200 एक्यूआई के पार यानी खराब श्रेणी की दर्ज की गई। वहीं, शिवाजी नगर की एयर क्वालिटी पिछले दो दिनों से 300 एक्यूआई से अधिक दर्ज की जा रही है, जो कि बेहद खराब की श्रेणी में आती है।




# मुंबईकरों के लिए नगर निगम की ओर से विशेष सुविधाएं

## डबल डेकर में आर्ट गैलरी, कैफेटेरिया, लाइब्रेरी...



**मुंबई:** मुंबईकरों को अब BEST की नॉन-एसी डबल डेकर बसों में आर्ट गैलरी, कैफेटेरिया और लाइब्रेरी जैसे विशेष आकर्षण मिलेंगे। इन बसों को दक्षिण मुंबई के तीन जंक्शनों पर पार्क किया जाएगा। यह सुविधा प्रदान करने के लिए मुंबई नगर पालिका के बी वार्ड से एक टेंडर जारी किया गया है। मुंबई नगर पालिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यात्री फरवरी से इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। BEST की पहली डबल-डेकर बस 8 दिसंबर, 1937 को सेवा में शुरू की गई थी। एक बस का कार्यकाल 15 वर्ष है। तदनुसार डबल डेकर बसों को अप्रचलित कर दिया गया। फिर इएरळ के बेड़े में आखिरी बस 15 सितंबर को चली।

मुंबई नगर निगम ने विभिन्न सुविधाएं प्रदान करने के लिए इन पुरानी डबल डेकर बसों का उपयोग करने का निर्णय लिया था। मुंबई शहर के संरक्षक मंत्री दीपक केसरकर ने भी इसमें रुचि दिखाई और इस सुविधा को स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके अनुसार, मुंबई नगर निगम के बी वार्ड की तीन नॉन एसी डबल डेकर बसों में कैफेटेरिया, आर्ट गैलरी और लाइब्रेरी की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके लिए आर्किटेक्ट ने बस की डाइंग भी नगर पालिका को सौंप दी है। एक डबल डेकर बस में कैफेटेरिया, दूसरी बस में लाइब्रेरी और तीसरी बस में आर्ट गैलरी होगी। बताया जा रहा है कि ये 23 स्क्रैप BEST से हटा दिए गए हैं और इन्हें बदलकर ये सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इस कार्य के लिए नगर पालिका के बी वार्ड से 23 दिसंबर को टेंडर निकाला गया है। इसलिए टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है।

### तीन सड़कों का एक विकल्प...

**डबल डेकर में इस सुविधा के लिए अच्छी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण मुंबई में तीन जंक्शन स्थानों का चयन किया गया है। इसमें वाई. एम। सड़क, जिसमें क्रॉफर्ड मार्केट और शालीमार जंक्शन शामिल हैं। खाने के शौकीनों को कैफेटेरिया में तरह-तरह के खाने की दावत मिलेगी। इसके जरिए विभिन्न संस्कृतियां भी देखने को मिलेंगी। पुस्तकालय में पाठकों को मराठी, हिंदी और अंग्रेजी में विभिन्न पुस्तकें मिल सकेंगी।**

## ठाणे में 1,000 से अधिक बच्चे कुपोषण का शिकार...



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बाल कुपोषण के लगभग 1,000 से अधिक मामले सामने आए हैं। एक प्रेस रिलीज के मुताबिक, जिले में 'गंभीर तीव्र कुपोषण' के 83 मामले और 'मध्यम तीव्र कुपोषण' के 1,161 मामले हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मनुज जिंदल ने शुक्रवार को जिले के शाहपुर तालुका में कुछ कुपोषित बच्चों के परिवारों से मुलाकात की। साथ ही, उन्हें कहा कि छह महीने के भीतर ठाणे में कुपोषण को खत्म करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## झील के किनारे खेलते समय झील के पानी में गिर गया... उसे बचाने गए पिता भी डूब गए



**डोंबिवली :** दोपहर में अपने पिता के साथ खाड़ी के किनारे खेलने गई 2 साल की बच्ची खेलते-खेलते अचानक पानी में गिर गई। बच्ची को पानी में गिरता देख पिता भी पानी में कूद गया. हालाँकि, पानी का पूर्वानुमान न होने के कारण दो लोग डूब गए हैं। यह हृदयविदारक घटना डोंबिवली पश्चिम के राजूनगर स्थित गणेश घाट पर दोपहर को घटी। लेकी के पिता का अब तक पता नहीं चल सका है, लेकिन विष्णुनगर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है. लापता बापलेकी की पहचान अनिल सुरवाडे (उम्र 40) और इरा सुरवाडे (उम्र 2) के रूप में की गई है। खाड़ी के किनारे इरा को खेलता देख मां का दिल टूट गया.

डोंबिवली पश्चिम के राजूनगर में शनिवार दोपहर एक दुखद घटना घटी। इसी इलाके में रहने वाला अनिल अपनी 2 साल की बेटी इरा के साथ गणेशघाट इलाके में टहलने गया था. दोपहर करीब एक बजे इरा खाड़ी के किनारे खेल रही थी। उसने अपनी चप्पलें और अपना टेडी बियर वहीं एक तरफ रख दिया। वह पानी में खेलने के लिए घाट की सीढ़ियों से नीचे उतर गई। अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पानी में गिर गयी.

## 24 दिसंबर तक संभव नहीं मराठा आरक्षण पर फैसला... बीजेपी नेता का बड़ा बयान



**मुंबई:** एक ओर जहां मनोज जारांगे ने कहा है कि सरकार के पास मराठा आरक्षण पर फैसला लेने के लिए सिर्फ कल का समय है, वहीं दूसरी ओर पूर्व सहकारिता मंत्री और बीजेपी विधायक सुभाष देशमुख ने मराठा आरक्षण को लेकर बड़ा बयान दिया है. सुभाष देशमुख ने कहा है कि मराठा आरक्षण पर 24 दिसंबर तक फैसला लेना संभव नहीं है, सभी को फरवरी के अंत तक धैर्य रखना चाहिए. ऐसे में ये देखना अहम होगा कि मनोज जरांगे इस बयान पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं.

सोलापुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए सुभाष देशमुख ने कहा, ''आरक्षण को लेकर कई विधायकों ने सदन में अपनी राय रखी है. कम से कम 70 से 80 विधायकों ने अपनी राय रखी. इसपर खुद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी अपनी राय रखी. शिंदे समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, जिसके बाद रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी और इसे कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा. मुख्यमंत्री का कहना है कि आरक्षण पर विशेष सत्र बुलाकर निर्णय लिया जाएगा. इसलिए, इस पर 24 दिसंबर तक निर्णय नहीं लिया जा सकता, क्योंकि रिपोर्ट अब प्राप्त हुई है.''

आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि आरक्षण देने के बाद आरक्षण रद्द न हो जाए, इसके लिए सभी को सावधानी बरतनी जरूरी है. इसलिए, फरवरी के अंत तक सभी को धैर्य रखना चाहिए, सभी को सहयोग करना चाहिए और आरक्षण प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए, ऐसा देशमुख ने कहा. सुभाष देशमुख ने कहा, मराठा आरक्षण का मामला पिछले 40 से 45 साल से रुका हुआ है. 24 दिसंबर को ये दूर नहीं होगा. रिपोर्ट अभी सौंपी जानी बाकी थी और अब सौंपी गई है. उसके बाद कैबिनेट की दोबारा बैठक होगी. सभी को यह भी ध्यान रखना होगा कि दिया गया आरक्षण दोबारा रद्द न हो. आरक्षण देते समय आपको बहुत सावधान रहना होगा.

## बेचा जा रहा पूरा का पूरा गांव... सीएम एकनाथ शिंदे से मांगी इजाजत




**मुंबई:** महाराष्ट्र के इतिहास बेहद ही गर्वशाली और स्वाभिमानी रहा है। राज्य देश के सबसे विकसित राज्यों में से एक है। यहां की राजधानी मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है। मुंबई में देश के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी रहते हैं। इसी मुंबई से लगभग पांच सौ किलोमीटर की दूसरी पर बीड जिले में एक गांव ऐसा भी है, जिसे वहां के निवासी बेच रहे हैं। आपको शायद यह सुनकर हैरानी हुई हो लेकिन यह सच है कि एक गांव के ग्रामीण अपने ग्राम को बेच रहे हैं।

महाराष्ट्र के बीड जिले में लोगों ने पूरा का पूरा गांव बेचने के लिए प्रवेशद्वार पर पोस्टर लगाया है। गांव बे बेचने के लिए इन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नाम से पोस्टर लगाकर अनुमति भी मांगी है। जिले के पटोदा तालुका के खडकवाड़ी गांव के 1800 रहिवासियों ने मजबूरी में यह कदम उठाकर गांव बेचने वाला पोस्टर लगाया है।

दरअसल ग्रामीणों का मानना है खडकवाड़ी गांव पिछले कई वर्षों से बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। गांव का विकास सिर्फ और सिर्फ कागजों पर है। धरातल पर विकास के नाम पर कुछ नहीं कराया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विकास के नाम पर आने वाले निधि से ग्राम प्रधान और अन्य अधिकारी अपनी जेब भर रहे हैं। गांव में सीएम शिंदे के नाम पर पोस्टर लगाकर कहा गया है कि आपने महाराष्ट्र को कई महत्वकांक्षी योजना देकर राज्य को विकास की और ले जा रहे हैं, लेकिन पाटोदा तालुका के खडकवाड़ी गांव अबतक विकास से कोसों दूर है।

सरकार की और से शुरू किए गए सभी विकास परियोजना गांव में सिर्फ कागज पर है। यहां के विकास नाम पर निधि उठाया गया है, लेकिन धरातल पर कुछ काम नही हुआ है। इस संबंध में कई बार शिकायत की गई है, लेकिन अबतक कोई भी सुनवाई नही की गई है। हम इस गांव को बेचना चाहते हैं आपकी इजाजत चाहिए।

## अमीरों को ठगने... फेसबुक से दोस्ती कर करोड़ों की वसूली करने वाले 'हनी ट्रैप' गिरोह का भंडाफोड़!



**वसई:** कई लोग प्यार के जाल में फंसकर हनी ट्रैप में फंस जाते हैं। वसई की वालिव पुलिस ने फेसबुक पर अमीर व्यापारियों और बिल्डरों को फंसाने और उनसे लाखों की उगाही करने के लिए इसी तरह के हनीट्रैप का इस्तेमाल करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में एक युवती समेत दो लोगों को हथकड़ी लगाई गई है। पुलिस ने बताया कि वह इस तरह से कई अपराध कर चुका है. वादी 55 वर्षीय बिल्डर है। फेसबुक पर उसकी मुलाकात 29 साल की साहिबा बख्शी नाम की लड़की से हुई. बिल्डर खूबसूरत लड़की के जाल में फंस गया. बिल्डर उससे मिलने उसके घर जाने लगा। कुछ दिनों बाद उसने कहा कि वह गर्भवती है। इसकी जानकारी उसके दोनों भाइयों को हो गयी. मनीष सेठ (48) और नफीस शेख (29) नाम के भाइयों ने मेरी बहन के साथ संबंध बनाए और उसे गर्भवती करने की धमकी दी। इस मामले को निपटाने के लिए 2 करोड़ रुपये की मांग की गई थी. बिल्डर डर गया. उन्होंने 50 लाख देने का फैसला किया और उसमें से 19 लाख रुपये चुका दिए.




# मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के ठाणे में जेब्रा क्रॉसिंग का रंग बदला, ...अब लाल-सफेद कर दिया गया



**ठाणे:** मुख्यमंत्री के बदलते ठाणे में जेब्रा क्रॉसिंग का रंग बदल कर लाल-सफेद कर दिया गया है। शहर के महत्वपूर्ण और व्यस्त यातायात वाले तीन हाथ नाका परिसर में महा नगरपालिका और ट्रैफिक पुलिस ने प्रायोगिक तौर पर जेब्रा क्रॉसिंग का रंग बदला है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, नए रंग के जेब्रा क्रॉसिंग को देख वाहन चालक सतर्क नजर आ रहे हैं और यहां से गुजरते समय सावधानी बरत रहे हैं। इसके अलावा, पैदल चलने वालों को भी सड़क पार करने में सहूलियत होती दिख रही है। दरअसल तीन हाथ नाका के बाद कैडबरी जंक्शन, माजीवाडा कोपरी की कुछ सड़कों, राम मारुति रोड, स्टेशन रोड आदि सड़कों पर जेब्रा क्रासिंग का रंग लाल-सफेद किया जा रहा है। यातायात पुलिस ने बताया कि जेब्रा क्रॉसिंग पर वाहन रोकने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू की गई है। तीन हाथ नाका पर मुंबई से ठाणे आने जाने वाले वाहनों का आवागमन लगातार होता रहता है। सुबह से रात तक ट्रैफिक बनी रहती है।

# कांग्रेस नेता सुनील केदार को तगड़ा झटका!


## पांच साल की सजा के बाद अब विधायकी भी रद्द...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता सुनील केदार को बहुचर्चित नागपुर जिला बैंक घोटाला मामले में पांच साल की सजा सुनाई गई है। इस मामले में 21 साल बाद शनिवार को कोर्ट का फैसला आया। नागपुर की विशेष अदालत ने कांग्रेस विधायक सुनील केदार और पांच अन्य को दोषी ठहराते हुए 5 साल की सजा के साथ ही 12.50 लाख रुपये का जुमार्ना भरने का आदेश दिया। वहीं अब सुनील केदार को एक और बड़ा झटका लगा है। जानकारी के मुताबिक, पांच साल की सजा मिलने के बाद सुनील केदार की विधायकी रद्द कर दी गयी है। नागपुर पुलिस ने महाराष्ट्र विधानसभा को कांग्रेस नेता की जेल की सजा की जानकारी दी और कोर्ट का आदेश भेजा। जिसके बाद सुनील केदार को बतौर विधायक अयोग्य घोषित कर दिया गया।

एक दिन पहले ही नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (एनडीसीसीबी) के 150 करोड़ रुपये के घोटाला मामले में विशेष अदालत ने सावनेर से कांग्रेस विधायक सुनील केदार को दोषी ठहराया। इस मामले में सबूतों के अभाव में तीन अन्य आरोपियों को बरी कर दिया गया। जांच एजेंसी की चार्जशीट में केदार और 11 अन्य आरोपियों पर आईपीसी की धारा 406, 409, 468, 471, 120-बी और 34 के तहत आरोप लगाए गए थे। महाविकास अघाडी (एमवीए) सरकार में मंत्री रहे सुनील केदार से जुड़े इस मामले में दो दशक से अधिक समय बाद फैसला आया है। 2002 में जब 150 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया था तब कांग्रेस नेता बैंक के अध्यक्ष थे। सीआईडी के तत्कालीन उपाधीक्षक किशोर बेले इस घोटाले के जांच अधिकारी हैं। जांच पूरी कर उन्होंने 22 नवंबर 2002 को अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। तभी से विभिन्न कारणों से सुनवाई पूरी नहीं हो सकी और मामला लंबित था।

# 'बीकेसी' की तर्ज पर मढ़, मालवणी का विकास... आवासीय परिसरों, मैदानों, पार्कों के साथ चित्रनगरी बनाने का निर्णय



**मुंबई:** बृहन्मुंबई क्षेत्र के पश्चिमी उपनगरों में मध, मालवणी, मार्वे, इरंगल, दरवली और अक्से गांवों को मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के माध्यम से बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इन गांवों की 1386.85 हेक्टेयर भूमि को विशेष विकास क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इस क्षेत्र में किफायती घर, मैदान, मनोरंजन पार्क, बायोटेक पार्क, चित्रनगरी का निर्माण किया जाएगा।

# 'इसलिए मुलुंड और ठाणे के बीच अभी कोई नया स्टेशन नहीं', सेंट्रल रेलवे का बयान...




**ठाणे:** मध्य रेलवे के अनुसार, राज्य सरकार की ओर से रेलवे को जमीन और फंड हस्तांतरित नहीं किया गया है, इसलिए मुलुंड और ठाणे के बीच नए स्टेशन का काम शुरू नहीं किया जा सका है. रेलवे के मुंबई मंडल प्रबंधक रजनीश गोयल ने यह स्पष्ट बयान दिया है. बताया गया कि ठाणे और मुलुंड के बीच नया स्टेशन बनाना मुख्यमंत्री शिंदे का ड्रीम प्रोजेक्ट था। लेकिन जानकारी सामने आई है कि राज्य सरकार देरी कर रही है.यह घोषणा की गई थी कि नगरपालिका चुनावों के ठीक बाद 2017 में ठाणे और मुलुंड के बीच एक नया स्टेशन बनाया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की कि ठाणे मानसिक अस्पताल की जगह पर एक नया स्टेशन बनाया जाएगा. इसके लिए बॉम्बे हाई कोर्ट ने ठाणे मनोरोग अस्पताल के स्थानांतरण पर लगी रोक हटाने का भी आदेश दिया. ऐसे में मध्य रेलवे को राज्य स्वास्थ्य विभाग से सीटें मिलने का रास्ता साफ हो गया। लेकिन बताया जा रहा है कि यह सीट अभी तक सेंट्रल रेलवे को ट्रांसफर नहीं हुई है.

**भीड़भाड़ कम करने के लिए नए स्टेशन का निर्माण**

मुख्यमंत्री शिंदे ने ठाणे नगर निगम की स्मार्ट सिटी योजना के तहत इस नए स्टेशन के लिए 289 करोड़ की निधि को मंजूरी दी थी। इसके लिए बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले के मुताबिक, ठाणे मनोरोग अस्पताल की कुल 72 एकड़ जमीन में से 14 एकड़ से ज्यादा जमीन रेलवे को आवंटित कर दी गई. इस नए रेलवे स्टेशन के लिए 14.83 एकड़ भूमि का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि नए रेलवे स्टेशन के निर्माण के बाद ठाणे रेलवे स्टेशन के यात्रियों में 31 प्रतिशत और मुलुंड स्टेशन के यात्रियों में 21 प्रतिशत की कमी आएगी। फिलहाल, ठाणे स्टेशन से लगभग 7.50 यात्री यात्रा करते हैं।

हमेशा भीड़भाड़ वाले ठाणे रेलवे स्टेशन पर दबाव कम करने के लिए ठाणे और मुलुंड स्टेशनों के बीच एक नया स्टेशन बनाने का निर्णय लिया गया। इस स्टेशन की योजना को रेलवे विभाग पहले ही मंजूरी दे चुका है। इसके अलावा अन्य कार्य रेलवे और ठाणे नगर निगम द्वारा किए जाएंगे। बताया गया कि पूरा प्रोजेक्ट ठाणे स्मार्ट सिटी योजना के माध्यम से किया जाएगा।

# एसटी में भी ई-पेमेंट को प्राथमिकता... डेढ़ माह में ठाणे मंडल को नौ लाख से अधिक की आय



**ठाणे:** हाल ही में, एसटी कॉर्पोरेशन ने यात्रियों को डिजिटल भुगतान के माध्यम से टिकट खरीदने की सुविधा प्रदान की है, जिससे यात्रा के दौरान छुट्टी के पैसे की चिंता दूर हो गई है। इसके अलावा, एसटी की आय बढ़ रही है। डिजिटल पेमेंट का प्रयोग एक नवंबर से प्रायोगिक तौर पर शुरू किया गया था. इससे पिछले डेढ़ माह में एसटी के ठाणे मंडल को नौ लाख रुपये से अधिक की आय प्राप्त हुई है. आजकल डिजिटल पेमेंट के जरिए बड़ी रकम का लेन-देन होता है और नागरिक छोटी वस्तु भी खरीदते हैं तो भी ऑनलाइन भुगतान करते हैं। डिजिटलीकरण ने नकद लेनदेन की संख्या कम कर दी है। इसे ध्यान में रखते हुए, एसटी कॉर्पोरेशन ने एक कदम आगे बढ़ाया और यात्रियों को डिजिटल प्रणाली के माध्यम से टिकट खरीदने की सुविधा उपलब्ध कराई। छुट्टियों के पैसे को लेकर अक्सर वाहक और यात्रियों के बीच विवाद होते रहते हैं। लेकिन डिजिटल पेमेंट से विवाद नहीं होगा. साथ ही यात्रियों को छुट्टियों के पैसों की भी चिंता नहीं होगी, बल्कि यात्री डिजिटल सिस्टम से टिकट खरीद सकेंगे, एसटी की सेवा में एंड्रॉइड टिकट जारी करने वाली मशीनें आ गई हैं। इस मशीन की वजह से यात्रियों को कैश मिलता है

# नए साल के लिए अपग्रेड हुआ साइबर क्राइम! कंप्लेन सुन दंग रह गई पुलिस, आप भी हो जाओ सावधान



**मुंबई :** मुंबई साइबर पुलिस के सामने एक चौंकाने वाला फ्रॉड सामने आया है। जिसे पढ़कर आप भी चौंक जाएंगे। 20 साल की एक आईटी प्रोफेशनल लड़की ने शिकायत की है कि उसके बैंक से तीन लाख रुपये निकाल लिए गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि लड़की ने किसी भी लिंक पर क्लिक नहीं किया या ओटीपी भी किसी के साथ साझा नहीं किया था। उसके बैंक खाते से तीन लाख रुपये उड़ा लिये गये।

एक 20 वर्षीय आईटी पेशेवर पिछले कुछ वर्षों से एक विदेशी कंपनी के साथ काम कर रही है। कुछ दिन पहले युवती तीन लाख रुपये की साइबर ठगी का शिकार हो गई। पुलिस में दर्ज शिकायत में पीड़ित ने बताया कि दिसंबर में ऑफिस के टेलीग्राम ऐप पर एक साथ कई मैसेज आए। पहले तो मैंने संदेशों को स्पैम समझकर नजरअंदाज कर दिया। लेकिन एक संदेश ने मुझे आश्चर्यचकित कर दिया। क्योंकि उस मैसेज में उसकी मेल आईडी थी। लड़की ने मैसेज ध्यान से पढ़ा। इसमें कहा गया कि फंड चाहिए तो पांच लाख रुपये देने होंगे।

यह मैसेज देखने के बाद लड़की ने तुरंत अपना बैंक अकाउंट स्टेटमेंट चेक किया। पता चला कि एक बैंक खाते से करीब दो लाख रुपये और दूसरे बैंक खाते से 1.6 लाख रुपये गायब हो गये। दोनों बैंक स्टेटमेंट की जांच के बाद पता चला कि पैसा यूपीआई के जरिए उड़ाया गया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com